अनौपचारिक पत्र

अपने पिताजी की बीमारी की सूचना अपने चाचा जी को पत्र द्वारा दीजिए

संजय नगर कोलकाता
08 फरवरी 2021

आदरणीय चाचा जी,
सादर प्रणाम

मैं कुशल पूर्वक हूँ और आपकी कुशलता ईश्वर से चाहता हूँ। मेरी पढ़ाई ठीक चल रही है। चाचा जी, चिंता और दुख की बात यह है कि आजकल पिताजी की तबीयत ठीक नहीं चल रही है। लगभग 10 दिन पहले उन्हें उच्च रक्तचाप के कारण सांस लेने में परेशानी होने लगी थी जिस कारण उन्हें 1 सप्ताह तक अस्पताल में भी रहना पड़ा था। अब वह घर आ गए हैं। राहत की बात यह है कि उनके स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार आ रहा है। डॉक्टर के अनुसार समय पर दवा लेने और थोड़ी सावधानी रखने पर वह शीघ्र ही पूर्ण स्वस्थ हो जाएंगे।

पिता जी आपको याद कर रहे हैं। शनिवार और रविवार आप का अवकाश होगा। आप 2 दिनों के लिए यहां आ जाइए। आपसे मिलकर उनका मन बहल जाएगा और हो सकता है उनका स्वास्थ्य जल्दी सुधार हो जाए। शेष सब कुशल है।

आपके पत्र की प्रतीक्षा में

आपका भतीजा
सुरेश